कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) Fax, +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com Website: www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

पन्ना बाघ पुर्नस्थापना योजना का सफलतम प्रथम वर्ष

पन्ना टाईगर रिजर्व में पन्ना बाघ पुर्नस्थापना योजना मार्च 2009 में बांधवगढ़ एवं कान्हा टाईगर रिजर्व से बाघिनों को लाने से प्रारम्भ हुआ है। नवम्बर 2009 में नर बाघ को लाकर स्वच्छंद विचरण हेतु छोड़ा गया था। परन्तु वह ''होमिंग'' प्रवृत्ति के कारण पार्क से एक माह के लिए छतरपुर, सागर व दमोह जिलों में विचरण करता रहा। दिनांक 25 दिसम्बर 2009 को उन्हें पुनः निश्चेतन करने के उपरान्त 26 दिसम्बर 2009 को प्रातः 4.00 बजे स्वच्छंद विचरण हेतु नर बाघ को पन्ना टाईगर रिजर्व में छोड़ा गया। अतः पन्ना बाघ पुर्नस्थापना योजना 26 दिसम्बर 2009 से ही पूर्ण रूप धारण की है। बांधवगढ़ एवं कान्हा से लाई गई दोनों बाघिनों के सफल प्रजनन से पन्ना बाघ पुर्नस्थापना योजना तकनीकी रूप से अपनी पटरी पर सही चल रही है। बांधवगढ़ बाघिन ने मध्य अप्रैल 2010 में 4 शावकों को जन्म दिया था परन्तु नर एवं मादा बाघ की आपसी लड़ाई में दो शावक खत्म हो गये एवं आज की स्थिति में 02 शावक जिनकी उम्र लगभग साढ़े आठ माह है, पन्ना टाईगर रिजर्व में मौजूद है। 13 दिसम्बर 2010 को कान्हा बाघिन को दोबारा रेडियो कालर पहनाने हेतु किये गये प्रयासों में यह बात उजागर हुई कि कान्हा की बाघिन ने भी दो शावकों का जन्म दिया है। इन शावकों की उम्र ढ़ाई माह आंकी गई है। इस अवसर पर 25 दिसम्बर 2010 को पत्रकारों हेतु एक विशेष नेचर कैम्प आयोजित किया गया एवं दिनांक 26 दिसम्बर 2010 को पर्यटक परिसर हिनौता में स्थानीय जन प्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों एवं अधिकारियों की एक परिचर्चा आयोजित की गई है।

क्षेत्र संचालक,
पन्ना टाईगर रिजर्व,पन्ना